हल्का लड़ाकू हेलीकॉप्टर (LCH): प्रचंड

हाल ही में **स्वदेश में विकसित बहु-भूमिका वाले हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (LCH), प्रचंड** को औपचारिक रूप से भारतीय वायु सेना में शामिल किया गया, यह उच्च ऊँचाई वाले युद्ध क्षेत्रों में संचालन के लिये उपयुक्त है।



//

हल्का लड़ाकू हेलीकॉप्टर

- **परिचय:**
  - LCH दुनिया का **एकमात्र लड़ाकू हेलीकॉप्टर** है जो 5,000 मीटर की ऊँचाई पर हथियारों और ईंधन के काफी भार के साथ उतरने एवं उड़ान भरने में सक्षम है।
  - यह हेलीकॉप्टर रडार संकेतकों (सिग्नेचर) से बचाव के लिये रडार-अवशोषित तकनीकी का उपयोग करता है जिसमें **क्रैश-प्रूफ संरचना एवं लैंडिंग गियर है।**
    - दबावयुक्त केबिन परमाणु, जैविक और रासायनिक (NBC) आकस्मिक व्यय से सुरक्षा प्रदान करता है।
  - यह हेलीकॉप्टर **काउंटरमेजर डिस्पेंसिंग सिस्टम** से लैस है जो इसे दुश्मन के रडार या दुश्मन की मिसाइलों से बचाता है।
  - LCH हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) द्वारा निर्मित **दो फ्राँसीसी मूल के शक्ति इंजनों द्वारा संचालित है।**
- **उत्पत्ति:**
  - **वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध के समय पहली बार एक ऐसे स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर की आवश्यकता महसूस की गई थी** जो सभी भारतीय युद्ध क्षेत्र परिदृश्यों में सटीक हमला कर सके।
    - इसका आशय **एक ऐसे हेलीकाप्टर के निर्माण से था जो रेगिस्तान की भीषण गर्मी** और अत्यधिक ठंड वाले ऊँचे क्षेत्रों में, उग्रवाद-रोधी परिदृश्यों, युद्ध की स्थिति में कार्य कर सके।
  - भारत **हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL)** द्वारा निर्मित सब 3-टन केटेगरी हेलीकॉप्टर **चेतक और चीता** का उपयोग कर रहा है।

- इन एकल इंजन वाहनों में से अधिकांश उपयोगी हेलीकाप्टर थे। भारतीय सेना चीता के सशस्त्र संस्करण लांसर का भी उपयोग करती है।

  - इसके अतिरिक्त भारतीय वायु सेना वर्तमान में रूसी मूल के MI-17 और इसके वेरिएंट MI-17 IV तथा MI-17 V5 का उपयोग करती है जिसका अधिकतम टेक-ऑफ वजन 13 टन है, जिसे वर्ष 2028 से चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जाना है।
  - सरकार ने **अक्तूबर 2006 में LCH परियोजना को मंज़ूरी** दी थी और HAL को इसे विकसित करने का काम सौंपा गया था।
- **महत्त्व:**
  - LCH में **शत्रु की वायु रक्षा प्रणाली को समाप्त करने, अन्वेषण व बचाव करने, टैंक-रोधी और काउंटर सरफेस फोर्स ऑपरेशंस** आदि जैसी भूमिकाओं को पूरा करने की क्षमता है।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/light-combat-helicopter-1